27/7/22

राजकीय आयुर्वेदिक, होम्योपैथी व यूनानी की 19 कालेजों को मिली संबद्धता

गोरखपुर (एसएनबी)। महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय ने प्रदेश के आठ राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, नौ होम्योपैथी और दो यूनानी कालेजों को 2021-22 के लिए संवद्धता दी है। पहले इन कालेजों की मान्यता अलग-अलग विश्वविद्यालयों से थी। इन कालेजों के लिए आयुष विश्वविद्यालय ने सीटें भी निर्धारित की है।

आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अवधेश कुमार सिंह ने वताया कि संवद्धता देने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। पहले चरण में राजकीय आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी कालेजों को मान्यता दी गई है। प्रदेश के सभी 107 महाविद्यालय संवद्ध किए जाएंगे। इसके लिए महाविद्यालयों को कोड, लागिन आईडी व पासवर्ड भेज दिए गए हैं। निजी और राजकीय महाविद्यालयों के लिए अलग-अलग फीस तय किए गए हैं। निजी महाविद्यालयों में सौ सीट पर 1.50 लाख व 60 सीट पर 1.30 लाख रुपये तथा राजकीय महाविद्यालयों में सौ सीट पर 40 हजार व 60 सीट पर 30 हजार रुपये तय किए गए हैं।

2021-22 के लिए महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय से मिली मंजूरी, पहले इन कालेजों की मान्यत अलग-अलग विश्वविद्यालय से थी